# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

विज्ञप्ति संख्या–पी0आर0 ........./2024

**इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों का Dummy Admit Card समिति के वेबसाइट पर अपलोड रहने एवं दिनांक 29.11.2024 से 05.12.2024 तक की अवधि में ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने/कराने के संबंध में आवश्यक सूचना :**

एतद् द्वारा राज्य के +2 स्तर के सभी मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान के प्रधान, इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थी, उनके अभिभावक, सभी जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) एवं सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को सूचित किया जाता है कि **इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने हेतु ऑनलाइन भरे गये सूचीकरण एवं परीक्षा आवेदन के आधार पर विद्यार्थियों का** Dummy Admit Card **समिति के वेबसाइट** seniorsecondary.biharboardonline.com **पर** अपलोड किया गया है, **जो दिनांक 29.11.2024 से 05.12.2024 तक त्रुटि सुधार हेतु उपलब्ध रहेगा।**

2. +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड से समिति के उक्त वेबसाइट पर लॉग–इन करने के बाद अपलोडेड Dummy Admit Card डाउनलोड कर उसे अविलम्ब अपने शिक्षण संस्थान के सभी विद्यार्थियों को अनिवार्य रूप से हस्तगत करा देंगे एवं Dummy Admit Card में अंकित सभी विवरणों का मिलान करने तथा Dummy Admit Card में यदि कोई त्रुटि परिलक्षित हो, तो निर्धारित तिथि तक विद्यार्थियों को त्रुटि का सुधार करा लेने हेतु अनिवार्य रूप से निदेशित करेंगे।

3. यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर Dummy Admit Card जारी करने एवं त्रुटि सुधार हेतु Message भेजा जा रहा है, ताकि विद्यार्थी स्वयं भी अपना Dummy Admit Card समिति के उक्त वेबसाइट से डाउनलोड कर सके और उसमें कोई त्रुटि हो तो अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान के माध्यम से सुधार करा सकें। **किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी, उनके माता/पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा।**

4. समिति के उक्त वेबसाइट पर जारी Dummy Admit Card शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा निम्नांकित प्रक्रिया के तहत डाउनलोड किया जा सकता है :–

➢ +2 विद्यालय/महाविद्यालय के प्रधान द्वारा **Dummy Admit Card** डाउनलोड करने की प्रक्रिया :–

संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान अपने पूर्व से प्राप्त यूजर आई0डी एवं पासवर्ड का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **seniorsecondary.biharboardonline.com** पर Click **कर** Log in **करेंगे। इसके** उपरांत Dummy Admit Card Option **पर** Click **करेंगे। तत्पश्चात संकायवार** अपने +2 विद्यालय/महाविद्यालय के विद्यार्थियों का Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

➢ विद्यार्थी द्वारा **Dummy Admit Card** डाउनलोड करने की प्रक्रिया :–

सभी विद्यार्थी अपने सूचीकरण संख्या एवं जन्म तिथि का प्रयोग करते हुए समिति के वेबसाइट **http://ssonline.biharboardonline.com/studentDummyadmitcard.aspx** पर Click करने के बाद अपना सूचीकरण संख्या एवं जन्म तिथि अंकित कर Dummy Admit Card डाउनलोड कर सकते हैं।

5. इन्टरमीडिएट वार्षिक परीक्षा, 2025 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान से अविलम्ब सम्पर्क कर अपना Dummy Admit Card प्राप्त कर उसमें अंकित सभी विवरणों का भली–भाँति मिलान करेंगे। Dummy Admit Card में यदि किसी विद्यार्थी एवं माता/पिता के नाम के स्पेलिंग में त्रुटि हो, आधार नं०, कोटि, लिंग, विषय, वैवाहिक स्थिति, जन्म तिथि, फोटो या हस्ताक्षर आदि में कोई त्रुटि हो, तो वैसे विद्यार्थी अपने Dummy Admit Card में त्रुटि का सुधार कर अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी एक प्रति अपने शिक्षण संस्थान के प्रधान को ऑनलाइन त्रुटि सुधार करने हेतु उपलब्ध करा देंगे और उसकी दूसरी प्रति शिक्षण संस्थान के प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर प्राप्त कर अपने पास सुरक्षित रख लेंगे। **विद्यार्थी द्वारा जमा किये गये संशोधित एवं हस्ताक्षरित Dummy Admit Card के आधार पर**

संबंधित शिक्षण संस्थान के प्रधान ऐसे विद्यार्थियों की विवरणी में ऑनलाइन त्रुटि सुधार दिनांक 29.11.2024 से 05.12.2024 तक की निर्धारित अवधि में अनिवार्य रूप से करना सुनिश्चित करेंगे, ताकि संबंधित विद्यार्थी के निर्गत होने वाले मूल प्रवेश पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि न रह जाय। उक्त अवसर प्रदान किये जाने के बाद भी यदि किसी विद्यार्थी द्वारा निर्धारित अवधि तक त्रुटि के सुधार हेतु शिक्षण संस्थान के प्रधान को Dummy Admit Card उपलब्ध नहीं कराया जाता है अथवा शिक्षण संस्थान के प्रधान द्वारा ऑनलाइन त्रुटि सुधार नहीं किया जाता है तो इसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संस्थान के प्रधान तथा संबंधित विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक की होगी। **किसी भी परिस्थिति में विद्यार्थी, उनके माता/पिता के नाम में पूर्ण परिवर्तन नहीं किया जाएगा। ऐसा पाये जाने पर संबंधित विद्यार्थी का अभ्यर्थित्व रद्द करते हुए संस्थान के प्रधान के विरूद्ध कठोर अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी।**

6. अंकनीय है कि व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत विज्ञान, वाणिज्य एवं कला संकायों के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न व्यावसायिक ट्रेड यथा–**सुरक्षा (Security), ब्यूटिशियन (Beautician), टूरिज्म (Tourism), रिटेल मैनेजमेंट (Retail Management), ऑटोमोबाईल (Automobile), इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड हार्डवेयर (Electronics & H/W), ब्यूटी एण्ड वेलनेस (Beauty & Wellness), टेलीकॉम (Telecom) एवं आई०टी०/आई०टीज० (IT/ITes)** ट्रेडों की पठन पाठन की व्यवस्था के लिए शिक्षा विभाग के द्वारा प्रत्येक जिले के कुछ +2 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है। चिन्हित विद्यालयों में इस ट्रेड के लिए निर्धारित संख्या के अनुसार अध्ययन कर रहें विद्यार्थियों के द्वारा किसी एक ट्रेड का चयन कर उसकी परीक्षा (सैद्धान्तिक एवं प्रायोगिक) में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। शेष विद्यालय/विद्यार्थी के द्वारा व्यावसायिक ट्रेडों का चयन नहीं किया जाना है। चिन्हित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के ऑनलाइन सूचीकरण एवं परीक्षा आवेदन भरने के दरम्यान चयनित व्यावसायिक शिक्षा अन्तर्गत निर्दिष्ट एक ट्रेड को उनके Dummy Admit Card में व्यावसायिक ट्रेड के कॉलम में अंकित किया गया है। यदि इसमें किसी प्रकार की त्रुटि हो तो इसका सुधार करना अत्यंत आवश्यक है।

7. Dummy Admit Card ऑनलाइन डाउनलोड करने एवं उसमे त्रुटि संशोधन करने के क्रम में किसी प्रकार की असुविधा होने पर समिति के हेल्पलाईन नं0–0612–2230039 अथवा E-mail Id: reg.bsebhelpdesk@gmail.com पर सूचित कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

ज्ञापांक : BSEB/(SS)/KEN/ 1132 /2024, पटना, दिनांक– 28/11./2024

प्रतिलिपि :

1. जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ प्रेषित।
2. मे0 केल्ट्रॉन प्रा0 लि0 को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि उपर्युक्त के अनुसार डमी प्रवेश पत्र में त्रुटि सुधार हेतु निर्धारित समय तक पोर्टल चालू रखने की सभी प्रकार की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।
3. सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को वर्णित आलोक में सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अधीनस्थ सभी +2 स्तर के विद्यालयों/महाविद्यालयों के प्रधान को डमी प्रवेश पत्र डाउनलोड कर विद्यार्थियों को हस्तागत कराने एवं उसमे परिलक्षित त्रुटि सुधार हेतु वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से स्पष्ट रूप से निदेशित करने की कृपा की जाए।

4.(i)उप निदेशक, आई०टी० (उ०मा०)/सिस्टम एनालिस्ट (उ०मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाय तथा इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय ताकि किसी प्रकार की त्रुटि एवं विसंगति न हो।

(ii)विज्ञापन प्रसारण की सूचना राज्य के सभी +2 विद्यालय/महाविद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए तथा इसकी सूचना विद्यालय प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाए। यह सूचना सोशल मीडिया के

माध्यम से भी प्रसारित किया जाए। तदनुसार सभी आवश्यक कार्रवाई करते हुए जन संपर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

(iii) **यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थी, उनके अभिभावक, मान्यता प्राप्त +2 विद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं अन्य संबंधितों के जानकारी हेतु इस विज्ञप्ति की प्रति BSEB Mobile App तथा समिति के वेबसाईट पर अनिवार्य रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।**

5. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, विशेष कार्य पदाधिकारी, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

28.11.24

**परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

28/11/24 28/11/24 28.11.24 28/11/24